भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
17.12.2025 के
अतारांकित प्रश्न सं. 2853 का उत्तर

मेवाड़ एक्सप्रेस

2853. श्री राजकुमार रोत:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) मेवाड़ एक्सप्रेस के दिल्ली-उदयपुर मार्ग पर कितने ठहराव हैं और प्रत्येक स्टेशन पर ठहराव की अवधि कितनी है;

(ख) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि मेवाड़ एक्सप्रेस का वर्तमान में दिल्ली से प्रस्थान का समय शाम 6.25 बजे होने के कारण उदयपुर डिवीजन के यात्रियों को दिल्ली पहुंचने में कठिनाई होती है और उसी समय अन्य ट्रेनों के बड़ी संख्या में चलने के कारण उक्त रेलवे स्टेशन पर अत्यधिक भीड़ रहती है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार का उक्त ट्रेन के दिल्ली से प्रस्थान समय को बदलकर रात 8.00 बजे करने का विचार है और यदि हां, तो यह परिवर्तन कब तक होने की उम्मीद है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(घ) क्या दिल्ली से डूंगरपुर और मुंबई से डूंगरपुर के लिए ट्रेन की मांग लंबे समय से की जा रही है और यदि हां, तो यह मांग कब तक पूरी होने की संभावना है?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री
(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (घ): मेवाड़ एक्सप्रेस हजरत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन (दिल्ली) से शुरू होती है। 12963 हजरत निजामुद्दीन-उदयपुर मेवाड़ एक्सप्रेस का निर्धारित समय और ठहराव निम्नलिखित हैं:

स्टेशन	आगमन	प्रस्थान
हज़रत निज़ामुद्दीन	-	18.25
बल्लभगढ़	18.46	18.48
कोसी कलां	19.48	19.50
मथुरा	20.20	20.25
भरतपुर	20.48	20.50
बयाना	21.13	21.15
हिंडौन सिटी	21.36	21.38
श्री महावीरजी	21.46	21.48
गंगापुर सिटी	22.13	22.15
सवाई माधोपुर	23.03	23.05
कोटा	00.25	00.45
बूंदी	01.28	01.30
माण्डल गढ़	02.28	02.30
चित्तौड़गढ़	04.40	04.55
कपासन	05.27	05.28
मावली	05.55	05.57
राणा प्रताप नगर	06.38	06.40
उदयपुर सिटी	07.25	-

मेवाड़ एक्सप्रेस अपने मौजूदा समय पर अच्छी तरह से संरक्षित है (दोनों दिशाओं में लगभग 100% अधिभोगिता)। इसके अलावा, रेल सेवाओं के समय में बदलाव यात्रियों की संख्या, प्लेटफॉर्म की उपलब्धता, मार्ग की उपलब्धता आदि पर निर्भर करता है।

उदयपुर-डूंगरपुर-हिम्मत नगर खंड का आमान परिवर्तन हाल ही में पूरा किया गया है। आमान परिवर्तन के बाद डूंगरपुर को कोटा, इंदौर, उदयपुर, अहमदाबाद, जयपुर आदि महत्वपूर्ण शहरों को जोड़ने वाली रेलगाड़ियों की निम्नलिखित 5 जोड़ियाँ शुरू की गई हैं।

1. 12981/12982 जयपुर - असारवा एक्सप्रेस
2. 19315/19316 इंदौर - असारवा एक्सप्रेस
3. 19821/19822 असारवा - कोटा एक्सप्रेस
4. 20987/20988 उदयपुर सिटी- असारवा एक्सप्रेस
5. 69243/69244 असारवा - चित्तौड़गढ़ पैसेंजर

वर्तमान में, डूंगरपुर से अहमदाबाद और डूंगरपुर से उदयपुर को जोड़ने वाली 5-5 जोड़ी रेलगाड़ियां उपलब्ध हैं। इसके अलावा, भारतीय रेल में नई गाड़ी सेवाओं की शुरुआत एक सतत प्रक्रिया है जो कई कारकों पर निर्भर करती है, जिनमें शामिल हैं:

- उस खंड की क्षमता
- पथ की उपलब्धता
- आवश्यक चल स्टॉक की उपलब्धता
- चल स्टॉक के लिए संबंधित अवसंरचना की उपलब्धता
- रेल पथ और अन्य परिसंपत्तियों के अनुरक्षण की आवश्यकता

******